No. of Printed Pages : 8

**ECO-014**

09964

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2017

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-014 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*
*Weightage : 70%*

---

*Note : Attempt any four questions including question no. 1 which is* ***compulsory.***

---

1. Attempt **any two** of the following questions : 7,7
   (a) Explain how branch stock account helps in keeping effective control over the branch stock.
   (b) Illustrate how interest on drawings will be calculated when (i) dates of drawings are not specified, and when (ii) a fixed amount is drawn at regular intervals.
   (c) What is profit prior to incorporation ? How is it calculated ?
   (d) Why and how a schedule of changes in working capital prepared ?

2. (a) On 1st January, 2011 Ravinder purchased a machine from Bhupinder valued at ₹ 8,92,200. The payment is to be made in four half yearly instalments of ₹ 2,40,000 each including interest being charged at 3% per half year. Ravinder paid the first instalment on 1st July, 2011 but failed to pay the second instalment. As a result, Bhupinder seized the machine. 8,4

Show the necessary accounts in the books of Ravinder for the year 2011 charging depreciation (@ 10% per annum) half yearly on reducing balance method.

(b) Distinguish between Hire Purchase System and Instalment Payment System.

3. R and S share the profits of a business in the ratio of 5 : 3. They admit T for $\frac{1}{4}$th share in profits and losses to be contributed *equally* by R and S. On the date of T's admission, the balance sheet of the firm stood as follows : 12

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| R's Capital | 2,00,000 | Machinery | 1,50,000 |
| S's Capital | 1,50,000 | Furniture | 1,00,000 |
| Creditors | 10,000 | Stock | 75,000 |
| Prov. Fund | 50,000 | Debtors | 75,000 |
| Reserve Fund | 20,000 | Bank | 30,000 |
| | 4,30,000 | | 4,30,000 |

Terms of T's admission were as follows :

(a) T will bring a total amount of ₹ 1,50,000 which consists of his share of capital and goodwill.

(b) Goodwill of the firm has been valued at 3 years' purchase of the average super profits of the last four years. The average profits for the last four years were ₹ 1,00,000 while the normal profits that can be earned with the capital employed are ₹ 60,000.

(c) Furniture is to be appreciated by ₹ 30,000, and the value of the stock is to be reduced by ₹ 10,000. Provident Fund is to be raised by ₹ 5,000. Prepare (i) Revaluation Account, (ii) Capital accounts of the partners, and (iii) The new balance sheet of the Firm.

4. The following is the balance sheet of Ram and Shyam as on 31st December, 2012 who were carrying on the business as partners : **12**

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 80,000 | Cash | 20,000 |
| Bills Payable | 30,000 | Debtors | 1,10,000 |
| Reserve Fund | 50,000 | Stock | 1,50,000 |
| | | Furniture | 20,000 |
| Capital | | Mechinery | 1,30,000 |
| Ram | 2,00,000 | Prepaid Exp. | 10,000 |
| Shyam | 1,15,000 | Goodwill | 35,000 |
| | 4,75,000 | | 4,75,000 |

A Limited Company named RS Limited was formed to take over the business of Ram and Shyam on 1st January, 2013. The company agreed to take over all the assets and liabilities of the firm at book values with the exception of goodwill which was agreed to be worth ₹ 1,00,000. The authorised share capital of the company was ₹ 25,00,000 divided into equity shares of ₹ 10 each. The vendors were allotted 30,000 equity shares at a premium of ₹ 2 per, share and the balance amount to be paid in cash. The company also issued 50,000 equity shares to the public at a premium of ₹ 2 per share payable in full on application.

Calculate (i) purchase consideration, (ii) give journal entries and (iii) prepare the opening balance sheet of the company.

5. (a) How is Provision for income tax treated in the books of a company ? 4,8

(b) On January 1, 2013 Ashutosh Ltd. offered 20,000 6% debentures of ₹ 100 each at a discount of ₹ 5 per debenture. The issue was fully taken up. The amount was paid ₹ 20 on application, ₹ 40 on allotment and the balance on $1^{st}$ and final call on June 30, 2013. Interest was payable half yearly. The first interest amount was payable on June 30,2013 @ 2% for the half year which Amounted to ₹ 40,000. Pass the necessary journal entries for the year 2013.

6. Explain the purpose and procedure of calculating **any three** of the following ratios with examples. 12

(a) Debt Equity Ratio

(b) Proprietory Ratio

(c) Total Debt Ratio

(d) Current Ratio

(e) Quick Ratio

---

**ई.सी.ओ.-014**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2017

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-014 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*कुल का : 70%*

**नोट :** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या* **1** *शामिल हो, क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7,7

(a) यह समझाइए कि ब्रांच स्टॉक खाता किस प्रकार ब्रांच स्टॉक पर प्रभावपूर्ण नियंत्रण रखने में सहायक होता है।

(b) उदाहरण द्वारा समझाइए कि आहरण पर ब्याज का परिकलन कैसे किया जाएगा (i) जब आहरण की तिथियां निर्धारित नहीं होती, तथा (ii) जब नियमित अंतरालों (regular intervals) पर एक नियत राशि निकाली जाती है।

(c) पूर्व-निगमन लाभ से क्या तात्पर्य है ? इस का परिकलन कैसे किया जाता है ?

(d) कार्यशील पूँजी में परिवर्तनों की सूची क्यों और कैसे बनायी जाती है ?

2. (a) 1 जनवरी, 2011 को रविंदर ने भूपिंदर से ₹ 8,92,200 की एक मशीन खरीदी जिसका भुगतान ₹ 2,40,000 की चार छ: माही किश्तों में किया जाना है जिन में 3% अर्द्धवार्षिक ब्याज शामिल है। रविंदर ने 1 जुलाई, 2011 को पहली किश्त का भुगतान किया परन्तु वह दूसरी किश्त का भुगतान करने में असमर्थ रहा। फलस्वरूप भूपिंदर ने मशीन ज़ब्त कर ली। 8,4

रविंदर की पुस्तकों में 10% वार्षिक दर से घटती शेष पद्धति के आधार पर छ: माही मूल्यह्रास लगाते हुए वर्ष 2011 के लिए आवश्यक खाते बनाइए।

(b) किराया क्रय प्रणाली तथा किश्त भुगतान प्रणाली में अन्तर बताइए।

3. R तथा S एक व्यवसाय के लाभ को आपस में 5 : 3 के अनुपात बांटते हैं। उन्होंने T को लाभ के $\frac{1}{4}$ वाँ भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश दिया जिसके लिए R तथा S ने बराबर का अंशदान किया। T के प्रवेश की तिथि पर फर्म की बैलेंस शीट निम्नलिखित थी : 12

| देयताएं | ₹ | परिसंपत्तियां | ₹ |
|---|---|---|---|
| R की पूंजी | 2,00,000 | मशीनरी | 1,50,000 |
| S की पूंजी | 1,50,000 | फर्नीचर | 1,00,000 |
| लेनदार | 10,000 | स्टॉक | 75,000 |
| भविष्यनिधि कोष | 50,000 | देनदार | 75,000 |
| रिज़र्व कोष | 20,000 | बैंक शेष | 30,000 |
| | 4,30,000 | | 4,30,000 |

T के प्रवेश के लिए निम्न शर्तें थीं :

(a) T ₹ 1,50,000 की कुल राशि लाएगा जिस में उसकी पूंजी एवं ख्याति का भाग शामिल है।

(b) फर्म की ख्याति का पिछले तीन वर्षों के औसत अधिलाभ (super profits) के आधार पर मूल्यांकन किया गया। पिछले चार वर्षों का औसत लाभ ₹ 1,00,000 था जबकि नियोजित पूंजी से अर्जित सामान्य लाभ की राशि ₹ 60,000 है।

(c) फर्नीचर का मूल्य ₹ 30,000 अधिक लगाया जाना है जबकि स्टॉक का मूल्य ₹ 10,000 कम किया जाना है। भविष्य निधि की राशि में ₹ 5,000 की वृद्धि की जानी है। (i) पुनर्मूल्यांकन खाता, (ii) साझेदारों के पूंजी खाते, तथा (iii) फर्म की नयी बैलेंस शीट बनाइए।

4. राम एवं श्याम की 31 दिसंबर 2012 की बैलेंस शीट निम्नलिखित है जो कि साझेदारों के रूप में व्यवसाय कर रहे थे : **12**

| देयताएं | ₹ | परिसंपत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 80,000 | रोकड़ | 20,000 |
| देय बिल | 30,000 | देनदार | 1,10,000 |
| रिज़र्व कोष | 50,000 | स्टॉक | 1,50,000 |
| पूंजी | | फर्नीचर | 20,000 |
| राम | 2,00,000 | मशीनरी | 1,30,000 |
| श्याम | 1,15,000 | पूर्वदत्त व्यय | 10,000 |
| | | ज़्याति | 35,000 |
| | 4,75,000 | | 4,75,000 |

1जनवरी, 2013 को राम और श्याम के व्यवसाय का अधिग्रहण करने के लिए आर. एस. लि. के नाम से एक सीमित कंपनी का गठन किया गया। यह कंपनी ख्याति को छोड़ कर अन्य सभी परिसंपत्तियों एवं देयताओं को उनके पुस्तक मूल्य पर लेने को सहमत हो गई। ख्याति का मूल्य ₹ 1,00,000 तय हुआ। कंपनी की प्राधिकृत पूंजी ₹ 25,00,000 थी जो ₹ 10 प्रति शेयर वाले ईक्विटी शेयरों में बंटी थी। विक्रेताओं को 30,000 शेयर ₹ 2 प्रति शेयर के प्रीमियम पर आवंटित किये गये और शेष राशि नकद रूप में दी जानी तय हुई। कंपनी ने जनता को भी 50,000 ईक्विटी शेयर ₹ 2 प्रति शेयर के प्रीमियम पर निर्गमित किए जिन की पूरी राशि आवेदन पर ही प्राप्त की गई।

(i) क्रय प्रतिफल का परिकलन ख्यातिए, (ii) आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा (iii) कंपनी की प्रारम्भिक बैलेंस शीट बनाइए।

5. (a) एक कंपनी की पुस्तकों में आय कर के प्रावधान की प्रविष्टि किस प्रकार की जाती है ? व्याख्या कीजिए। 4,8

(b) 1 जनवरी, 2013 को आशुतोष लि. ने ₹ 100 प्रति ऋणपत्र वाले 20,000 6% ऋणपत्र ₹ 5 प्रति ऋणपत्र की छूट पर निर्गमित पूरा निर्गमन सफल हुआ। ₹ 20 प्रति ऋणपत्र आवेदन पर, ₹ 40 आवंटन पर तथा शेष राशि प्रथम व अंतिम मांग के रूप में 30 जून 2013 को भुगतान की गयी। ब्याज का भुगतान अर्द्धवार्षिक किया जाना था। ब्याज की प्रथम राशि 2% की थी जिसका भुगतान 30 जून 2013 को देय था और यह कुल राशि ₹ 40,000 थी।

कंपनी की पुस्तकों में वर्ष 2013 के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** अनुपातों की गणना के उद्देश्य एवं कार्यविधि की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए : 12

(a) ऋण इक्विटी अनुपात

(b) स्वामित्व अनुपात

(c) कुल ऋण अनुपात

(d) चालू अनुपात

(e) तत्काल अनुपात

---